>

Title : Need to provide bicycles as incentives to all the school students in North and South Andaman districts, Campbell bay in Andaman and Nicobar Islands.

**श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह):** महोदया, देश को आईपीएल चाहिए या बीपीएल, इसका फैसला सभी लोग करें। आईपीएल सचमुच एक चिंता का विषय है। आईपीएल पर एक जेपीसी बने। अब मैं अण्डमान-निकोबार की बात कहना चाहता हूं। ... *

MADAM SPEAKER: Do not make a mention to all these things. You just raise your issue.

**श्री विष्णु पद राय :** महोदया, अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह के साथ भारत सरकार क्यों भेदभाव कर रही है? उदाहरणस्वरूप पांडिचेरी में बच्चों को नौवीं क्लास से बाइसाइकिल दी जाती है, चाहे वे ट्राइबल्स हों या नॉन-ट्राइबल्स हों। दादरा नागर हवेली, दमन-दीव में भी बाइसाइकिल दी जाती है, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखण्ड, मध्य प्रदेश में भी बच्चों को साइकिलें दी गयी हैं, लेकिन अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह में ऐसा नहीं किया गया है । जो सरकार केन्द्र में बैठी हुई है, उसने भेदभाव पैदा करके निकोबारी बच्चों को साइकिल दी है, मुझे उससे कोई विरोध नहीं है। यह अच्छा काम है। अण्डमान-निकोबार में निकोबारी बच्चों को साइकिल दी गयी, लेकिन अण्डमान में साउथ अण्डमान, नॉर्थ अण्डमान के बच्चों को साइकिल क्यों नहीं दी जाएगी? हम सभी कहते हैं कि अण्डमान का नमूना लो, यह मिनी इंडिया है, वहां धर्म नहीं, जाति नहीं, कास्ट नहीं, क्रीड नहीं, वहां पर भेदभाव पैदा क्यों कर रहे हैं? उन बच्चों में, आठवीं क्लास के बच्चों में निकोबार के बच्चों को साइकिल मिलेगी और अण्डमान के बच्चों को साइकिल नहीं मिलेगी, तो उनके मन में भेदभाव की बात पैदा होगी। मैं अनुरोध करूंगा कि जिस प्रकार भारत के अन्य प्रांतों एवं यूटीज में दिया गया है, उसी तरह अण्डमान जिले में भी बच्चों को साइकिल दी जाए, नहीं तो अण्डमान जिले से मिनी इंडिया के नाम पर एक खतरा पैदा होगा जिसके लिए जिम्मेदार यह सरकार होगी।